समाचार

# निगम क्षेत्र के समस्त छठ घाटों में चेजिंग रूम, लाईट, पानी व साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं – महापौर

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में ली निगम अधिकारियों की बैठक, छठ पर्व व दीपावली त्यौहार से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश)




कोरबा 14 अक्टूबर 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित समस्त छठघाटों में चेजिंग रूम, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, घाटों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इस दिशा में अभी से कार्यवाही करें तथा यह देखें कि श्रद्धालुओं व व्रतधारियों को छठघाटों में अनावश्यक रूप से असुविधा का सामना न करना पड़े तथा उन्हें सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुलभ हो सके।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम के अधिकारियों व जोन कमिश्नरों की बैठक ली। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दीपावली व छठपर्व के महत्वपूर्ण त्यौहार के दौरान निगम से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर स्वरूप में सुनिश्चित कराएं। उन्होने कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में लगभग 36 छठघाट हैं, जहॉ छठपर्व के दौरान व्रतधारी व श्रद्धालुजन भगवान सूर्य को विधिविधान से अर्ध्य प्रदान कर पूजा अर्चना करते हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित करते

हुए कहा कि इन छठघाट स्थलों पर आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार कार्य कराएं, जे.सी.बी. व अन्य संसाधनों का उपयोग कर छठघाट स्थलों की विशेष साफ–सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, सभी छठघाटों में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो, छठघाट तक आने–जाने के मार्ग में भी पर्याप्त रोशनी हों, इसके लिए वहॉ पर पूर्व में स्थापित स्ट्रीट लाईटों को चेक कराएं तथा यह सुनिश्चित करें कि छठघाटों सहित आने–जाने के मार्ग में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो ताकि रात्रि के दौरान व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हों।

**सभी घाटों में हो चेजिंग रूम** – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के जोन कमिश्नरों व अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निगम क्षेत्र में स्थित सभी छठघाटों में व्रतधारियों, श्रद्धालुओं एवं विशेषकर महिला व्रतधारियों की सुविधा को देखते हुए स्नान के पश्चात चेजिंग हेतु अस्थाई रूप से चेजिंग रूम की व्यवस्था बनाएं, उन्होने कहा कि सभी छठघाटों में पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था हो व पूरे छठपर्व के दौरान छठघाटों की बेहतर साफ–सफाई सुनिश्चित करें एवं इस हेतु आवश्यक संसाधन व कर्मचारियों की तैनाती छठघाटों में करें।

**दीपावली व छठपर्व पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था हो** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि दीपावली त्यौहार के दौरान बाजारों में ज्यादा भीड़–भाड़ रहती है, अतः विभिन्न बाजारों के समीप वाहन पार्किंग हेतु स्थल चिन्हांकन करते हुए वहॉ आवश्यक व्यवस्थाएं बनाएं ताकि सड़कों पर आवागमन सुचारू रूप से हो सके, इसी प्रकार निगम क्षेत्र में स्थित बड़े छठघाटों में भी पार्किंग की व्यवस्था हों, इस दिशा में भी कार्यवाही करें।

**निर्धारित स्थलों पर ही लगाई जाएं त्यौहारी दुकानें** – महापौर श्रीमती राजपूत व आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोन कमिश्नरों व उप जोन प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दीपावली पर्व के दौरान फल, फूल, केले के पत्ते, सजावटी सामग्री तथा इनसे जुड़ी अन्य विविध सामग्रियों की चौक–चौराहों पर अनियंत्रित रूप से लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित कराएं, इस हेतु स्थलों का चिन्हाकंन करें तथा इन चिन्हाकित स्थलों पर ही दुकानें लगाई जाए, यह सुनिश्चित कराएं ताकि सड़कों का आवागमन बाधित न हों तथा आमनागरिकों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त नीरज कौशिक व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, अखिलेश शुक्ला, प्रकाश चन्द्रा, एन.के.नाथ, विनोद शांडिल्य, तपन तिवारी, सुनील टांडे, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।